उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 22 आषाढ़, शक संवत्, 1931

( दिनांक : 13 जुलाई, 2009 )

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. शुभारम्भ "वन्दे मातरम्" (देखिये नत्थी **"क"**)।
2. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"** )।
3. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **"ग"** एवं **"घ"**)।
4. निधन के निदेश।
5. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड [उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अधिकरण)] (संशोधन) अध्यादेश, 2009 को सदन के पटल पर रखेंगे।
6. मुख्यमंत्री, राजधानी स्थल चयन आयोग की रिपोर्ट सदन के पटल पर रखेंगे।
7. मुख्यमंत्री, संविधान के अनुच्छेद-151 के खण्ड (2) के अधीन भारत के नियन्त्रक-महालेखापरीक्षक से प्राप्त 31 मार्च, 2008 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए उत्तराखण्ड सरकार का प्रतिवेदन सदन के पटल पर रखेंगे।
8. सचिव, विधान सभा पैट्रोलियम एवं ऊर्जा अध्ययन विश्वविद्यालय अधिनियम, 2003 (संशोधन) विधेयक, 2009 जो कि विधान सभा द्वारा दिनांक 27 फरवरी, 2009 को पारित किया गया और जो 'भारत का संविधान' के अनुच्छेद 200 के प्रथम परन्तुक के अन्तर्गत महामहिम राज्यपाल से प्राप्त संदेश सहित विधान सभा के पुनर्विचार हेतु वापस प्राप्त हुआ है, को सदन के पटल पर रखेंगे।
9. सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे कि :-

   (1) उत्तराखण्ड विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 2009 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 26 फरवरी, 2009 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 02 मार्च, 2009 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2009 का दूसरा अधिनियम बन गया।

(2) उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण) अधिनियम 1993) (संशोधन) विधेयक, 2009 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 27 फरवरी, 2009 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 07 मार्च, 2009 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2009 का तीसरा अधिनियम बन गया।

(3) उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश आमोद और पणकर अधिनियम, 1979) (संशोधन) विधेयक, 2009 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 27 फरवरी, 2009 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 09 मार्च, 2009 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2009 का चौथा अधिनियम बन गया।

(4) उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम, 1973) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2006 (संशोधन) विधेयक, 2008 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 16 दिसम्बर, 2008 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 16 अप्रैल, 2009 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2009 का पाँचवां अधिनियम बन गया।

10. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

11. श्री गोपाल सिंह रावत, सदस्य विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी में मनेरी एवं जोशियाड़ा जलाशय को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किये जाने के संबंध में" श्री नागेन्द्र सिंह चौहान, निवासी ग्राम जामक पो0 मनेरी तहसील भटवाड़ी, एवं अन्य निवासी गण, जनपद उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

12. श्री गोपाल सिंह रावत, सदस्य विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी में नाकुरी-धर्मशाला-खोड़-फलाचा-नन्दगांव-गंगनाणी मोटर मार्ग निमार्ण के संबंध में" श्री लोकेन्द्र सिंह बिष्ट, निवासी ग्राम मांगलीसेरा पो0 न्यू वरसाली, एवं अन्य निवासी गण, जनपद उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

13. श्री प्रेमानन्द महाजन, सदस्य विधान सभा, "जनपद ऊधमसिंह नगर के विकास खण्ड गदरपुर के ग्राम पंचायत कोपा में स्थित मझरा कोपा बसन्ता, कोपा मुनस्यारी खत्ता, नगलटिया खत्ता मझरे में उच्च शिक्षा के लिए मुनस्यारी में एक उच्चतर माध्यमिक स्कूल खुलवाने के संबंध में" श्री गोविन्द शाह, निवासी ग्राम कोपा लालसिंह, पो0ओ0 गूलरभोज, तहसील गदरपुर, एवं अन्य निवासी गण, जनपद ऊधमसिंह नगर द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

14. श्री प्रेमानन्द महाजन, सदस्य विधान सभा, "जनपद ऊधमसिंह नगर के ग्राम पंचायत खटोला, विकास खण्ड गदरपुर के ग्राम राधाकान्तपुर में विद्युतीकरण के समय लगाये गये 25 के0वी0 के ट्रांसफार्मर के स्थान पर उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाये जाने के संबंध में" श्रीमती सुरबाला मण्डल, निवासी ग्राम प्रधान खटोला, विकास खण्ड गदरपुर, एवं अन्य निवासी गण, जनपद ऊधमसिंह नगर द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

15. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

16. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

17. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

18. मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड [उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अधिकरण)] (संशोधन) विधेयक, 2009 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

19. मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड [उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अधिकरण)] (संशोधन) विधेयक, 2009 को पुरःस्थापित करेंगे।

20. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-"ङ")

21. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

22. संसदीय कार्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड परा चिकित्सा परिषद विधेयक, 2009 पर विचार किया जाय (एक घण्टा)।

23. संसदीय कार्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड परा चिकित्सा परिषद विधेयक, 2009 पारित किया जाय।

24. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

आज्ञा से,

देहरादून :
दिनांक : 13 जुलाई, 2009

(महेश चन्द्र)
सचिव।

उत्तराखण्ड विधान सभा

नत्थी "क"

# वन्दे मातरम्

वन्दे मातरम्। वन्दे मातरम्।।

सुजलाम्।

सुफलाम्।

मलयज शीतलाम्।

शष्य श्यामलाम्।

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

शुभ्र-ज्योत्सना-पुलकित-यामिनीम्

फुल्ल-कुसुमित-द्रुमदल-शोभिनीम्

सुहासिनीम्

सुमधुर भाषिणीम्

सुखदाम्

वरदाम्

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

# नत्थी "ङ"

**<u>कार्यमंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 11 जुलाई, 2009 की बैठक में दिनांक 13 जुलाई, 2009 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप से रखे जाने की सिफारिश की है :-</u>**

**जुलाई, 2009**
**13 (सोमवार)**

(1) औपचारिक कार्य।

(2) विभिन्न प्रतिवेदनों का सदन के पटल पर रखा जाना।

(3) उत्तराखण्ड परा चिकित्सा परिषद विधेयक, 2009 पर विचार एवं पारण। (एक घण्टा)

द्वितीय सत्र, 2009
का प्रथम सोमवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 22 आषाढ़, शक संवत्, 1931

## ( दिनांक : 13 जुलाई, 2009 )

## नत्थी "ख"

## अल्पसूचित प्रश्न

श्री सुरेन्द्र राकेश
30.06.2009

**. क्या मुख्य मंत्री अवगत हैं कि हरिद्वार जनपद में पर्वों के अवसर पर मुख्य मार्गों पर हमेशा जाम लगा रहता है? यदि हां, तो सरकार द्वारा जाम से छुटकारा दिलाने के लिए ट्रैफिक व्यवस्था हेतु कोई ठोस योजना बनायी है? यदि हां, तो योजना का स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

गृह

## नत्थी "ग"

### उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम 40 (2) के अन्तर्गत प्रथम सोमवार हेतु स्थगित तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री तसलीम अहमद<br>20.10.2008 | *1. क्या सचिवालय प्रशासन विभाग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2005–06 में सचिवालय में विचारित एवं निस्तारित पत्रों की संख्या क्या रही तथा इन तीन वर्षों में विचाराधीन पत्रों की बढ़ती हुई संख्या के अनुपात में अनुभागों एवं कार्मिकों की संख्या बढ़ायी गई? यदि हाँ तो क्या मंत्री जी पूरा विवरण सदन के पटल पर रखने का कष्ट करेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | सचिवालय प्रशासन |

# नत्थी "घ"

## तारांकित प्रश्न

श्री ओम गोपाल रावत
09.04.2009

*1. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत नरेन्द्रनगर में निर्माणाधीन पुलिस ट्रेनिंग कालेज की निर्माण एजेन्सी राजकीय निर्माण निगम है? यदि हां, तो पी0टी0सी0 का निर्माण कार्य कब आरम्भ हुआ तथा अब तक कितना निर्माण कार्य हो चुका है? क्या निर्माण कार्य पूरा किये जाने की कोई समय सीमा निर्धारित की जायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

गृह

श्री ओम गोपाल रावत
09.04.2009

*2. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि वर्ष 2007 में भारी वर्षात् व अतिवृष्टि से विधान सभा क्षेत्र नरेन्द्रनगर के ग्राम–आगर में हुए भू–स्खलन के कारण उजड़ गये मकान व कृषि भूमि का शासन ने भू–वैज्ञानिकों से सर्वेक्षण करवाया था? यदि हां, तो भू–वैज्ञानिकों की सर्वेक्षण आख्या में भू–स्खलन का केन्द्र किस स्थान पर था? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि भू–स्खलन के केन्द्र की परिधि में कुल कितने ऐसे परिवार व मकान स्थित हैं जिनकों अभी तक कोई क्षति नहीं पहुंची किन्तु भविष्य में खतरे की सम्भावना बनी हुयी है? क्या सरकार इन परिवारों को भी अन्यत्र पुनर्वासित किये जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक?

आपदा प्रबन्धन

श्री ओम गोपाल रावत
09.04.2009

*3. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दिनांक 26.11.08 को मुंबई में हुई आतंकी हमले जैसी आतंकी घटनाओं से निपटने तथा महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान/धार्मिक स्थलों सहित जनता की सुरक्षा के लिए प्रदेश में एन0एस0जी0 कमाण्डों जैसा प्रशिक्षित सक्षम सुरक्षा तन्त्र विकसित किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि निर्माणाधीन पुलिस ट्रेनिंग कालेज, नरेन्द्रनगर में कमाण्डों प्रशिक्षण की सुविधा/संसाधन उपलब्ध करवाये जाने पर सरकार विचार करेगी?

गृह

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>09.04.2009 | *4. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उप महा प्रबन्धक विद्युत वितरण खण्ड श्रीनगर (गढ़वाल) को सम्बोधित अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड श्रीनगर (गढ़वाल) के पत्रांक 1254 / वि0वि0ख0श्री0 / सूचना दिनांक 31.03.2008 के साथ प्रस्तुत कार्य प्रगति आख्या के कमांक 20 पर अंकित " रिटेट एवं देवकुण्डाई में अतिरिक्त फेस डलवाना" से स्वीकृत कार्य दिनांक 15.12.2007 को पूर्ण दिखाया गया है जबकि प्रश्नकर्ता के पत्रांक 1261 / विधायक / 6–ऊर्जा / 2008–09 दिनांक 15.11.2008 के द्वारा स्वीकृत कार्य न होने की जानकारी दी गई है? यदि हां, तो गलत सूचना देने के लिऐ कौन उत्तरदायी है? क्या इसी परिप्रेक्ष में अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड श्रीनगर (गढ़वाल) को तीन दिन के अन्दर आख्या प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में उप महाप्रबन्धक उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0 श्रीनगर ( गढ़वाल ) के पत्रांक 7849 / वि0वि0म0श्री0 / आर0–06 दिनांक 21.11.2008 के द्वारा निर्देशित किया गया है? यदि हां, तो अधिशासी अभियंता द्वारा की गई आख्या का विवरण क्या है? | ऊर्जा |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>15.04.2009 | *5. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि जिला उधमसिंह नगर में स्थित बेगुल डाम नानक सागर, तुमड़िया बौर आदि जलाशयों हेतु राजस्व विभाग द्वारा सिंचाई विभाग को कितने एकड़ भूमि दी गई थी? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि जलाशयों के बनने के बाद शेष बची भूमि को सिंचाई विभाग से वापस ले लिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त भूमि को भूमिहीन खेतिहर मजदूरों में वितरित किये जाने पर विचार करेगी? यदि नहीं तो क्यों? यदि हां, तो कब तक? | राजस्व |
| श्री यशपाल बेनाम<br>20.04.2009 | *6. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि छठे वेतन आयोग की संस्तुतियों के कियान्वयन के कारण स्वैच्छिक परिवार कार्यकम योजना के अन्तर्गत प्रदेश सरकार के कर्मचारियों को अनुमन्य की गयी वैयक्तिक वेतन की राशि में दोहरे मापदण्ड अपनाये गये है? यदि हां, तो इसके क्या कारण है? क्या सरकार इस विसंगति को दूर करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वित्त |
| **काजी निजामुद्दीन<br>20.04.2009** | *7. **विधान सभा की प्रकिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम 28 के अन्तर्गत निरस्त।** | वित्त |
| काजी निजामुद्दीन<br>21.04.2009 | *8. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य को ऊर्जा क्षेत्र में पूर्णतः आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे हैं? क्या इस हेतु कोई लक्ष्य रखा गया है? यदि हां, तो वह लक्ष्य क्या है?यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |

| | | |
|---|---|---|
| काजी निजामुद्दीन<br>22.04.2009<br>श्री गोपाल सिंह रावत<br>23.06.2009 | *9. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि "उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी" की क्या परिभाषा है एवं राज्य में इस समय कितने उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार इन आंदोलनकारियों के कल्याण हेतु कोई योजना बना रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्री खड़क सिंह बोहरा<br>23.04.2009 | *10. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में निजी बी0एड0 कालेजों में यू0जी0सी0 द्वारा निर्धारित मानकों के विपरीत प्रवेश दिये जा रहे है? क्या यह सत्य है कि उक्त कालेजों में मनमाने तरीके से शुल्क वसूल किया जा रहा है? यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>12.05.2009 | *11. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के देवलथल में वर्ष 1980–81 में मैग्नेसाइट के दोहन हेतु भारत रिफैक्ट्रीज लिमिटेड नामक कम्पनी की स्थापना की गई थी? क्या यह सत्य है कि आज तक उक्त स्थान पर यह कम्पनी स्थापित नही हुई है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में इस कम्पनी के लिये अधिग्रहीत की गई लगभग 500 नाली भूमि पर किसका स्वामित्व है? क्या सरकार उक्त भूमि को विक्रेता काश्तकार को तत्समय भूमि दरों पर वापस करने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्योग |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>12.05.2009 | *12. क्या मुख्यमंत्री मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 12वें वित्त आयोग से स्थाई राजधानी निर्माण हेतु धनराशि प्राप्त हुई है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त धनराशि से प्रदेश की स्थाई राजधानी, चन्द्रनगर (गैरसैंण) घोषित कर वहां पर निर्माण कार्य प्रारम्भ करवायेगी? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि 12वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि की कोई समय सीमा तय है? यदि नहीं, तो क्यों? | सामान्य प्रशासन |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>19.05.2009 | *13. क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि उत्तराखण्ड में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वामित्व वाले यू0 पी0 एस0 आई0डी0सी0 के औद्योगिक आस्थान संचालित हो रहे है? यदि हां तो यह आस्थान कब तक उत्तराखण्ड सरकार को हस्तांतरित हो जायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्योग |
| श्री प्रीतम सिंह<br>26.05.2009 | *14. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सूखे की स्थिति से निपटने के लिए क्या–क्या उपाय किये गये है? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |

श्री प्रेमानन्द महाजन
26.05.2009

*15. क्या राज्य सम्पत्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पूर्ववर्ती राज्य उत्तर प्रदेश से विकल्प के आधार पर आये समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को लीज रेन्ट अनुमन्य किया गया? यदि हां, तो उक्त श्रेणी के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को उपलब्ध होने वाले सरकारी आवासों के आवंटन में प्राथमिकता प्रदान की गई? यदि नहीं, तो क्यों तथा शेष ऐसे कितने अधिकारी/कर्मचारी है जिन्हें अभी तक सरकारी आवास आवंटित नहीं हुए है, की सूची सदन के पटल पर रखेगी? क्या सरकार लीज रेन्ट के बोझ को कम करने की दृष्टि से इन अधिकारियों/कर्मचारियों को यथाशीघ्र आवास आवंटित करेगी? यदि नहीं, तो इसमें क्या विधिक कठिनाईयां है?

राज्य सम्पत्ति

श्री केदार सिंह रावत
01.06.2009
श्री प्रीतम सिंह
03.06.2009
श्री महेन्द्र सिंह माहरा
10.06.2009

*16. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शासनादेश संख्याः–77/XXVII(7)/2009 दिनांक 01 मार्च, 2009 में वर्णित अनुभाग अधिकारी/निजी सचिव/समकक्ष संवर्ग पदों के सन्दर्भ में उत्तराखण्ड सचिवालय में किन–किन पदों को समकक्ष माना गया है तथा समकक्षता निर्धारित करने के क्या मानक है? क्या यह सत्य है कि राज्य के गठन के समय से यथा पूर्ववर्ती राज्य में अनुभाग अधिकारी तथा निजी सचिव के वेतनमान के समकक्ष रहे अनेक पदों को उक्त शासनादेश जारी हो जाने के उपरान्त समकक्षता प्रदान नहीं की गई है? यदि हां, तो इस विभेद का विधिक आधार तथा औचित्य क्या है? क्या सरकार अनुभाग अधिकारी तथा निजी सचिव के वेतनमान के समकक्ष रहे पद धारकों को भी वेतनमान की समकक्षता प्रदान करेगी? यदि नहीं, तो इसमें विधिक कठिनाई क्या है?

सचिवालय प्रशासन

श्री केदार सिंह रावत
01.06.2009
श्री महेन्द्र सिंह माहरा
10.06.2009

*17. क्या मुख्य मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड सचिवालय में अनुभाग अधिकारी तथा निजी सचिव के पदधारकों की सेवा शर्तें तो पूर्ववर्ती राज्य उत्तर प्रदेश में विद्यमान सेवा शर्तों के अनुरूप निर्धारित की गई है, किन्तु उनको वेतन की समानता केन्द्रीय सचिवालय के समनुरूप पदधारकों के अनुसार प्रदान की गई है? यदि हां, तो उक्त पदधारकों को विशिष्ट रूप से विशेष लाभ दिये जाने का औचित्य क्या है, जबकि उक्त संवर्ग से भिन्न पदों के सन्दर्भ में पूर्ववर्ती राज्य में विद्यमान सेवा शर्तों तथा सेवा लाभ का आधार लिया जाता है? क्या सरकार उपरिवर्णित संवर्गो से भिन्न संवर्गो के पदों के सन्दर्भ में भी समान दृष्टिकोण अपनाएगी? यदि नहीं, तो इस प्रकार की विसंगतियां उत्पन्न किए जाने का क्या औचित्य है?

सचिवालय प्रशासन

श्री केदार सिंह रावत
01.06.2009
श्री महेन्द्र सिंह माहरा
10.06.2009

*18. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय सचिवालय में विभिन्न संवर्गों के पदों के सृजन के मानक निर्धारित किए गए हैं? यदि हां, तो कब और पदवार उनका विवरण क्या है? क्या राजकीय सचिवालय का ढांचा निर्धारित मानकों के आधार पर बनाया गया है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी राजकीय सचिवालय का स्वरूप संवर्गीय पदों के बंटवारे सहित सदन के पटल पर रखने का कष्ट करेंगे? यदि नहीं, तो इसमें क्या कठिनाई हैं?

सचिवालय प्रशासन

श्री प्रीतम सिंह
01.06.2009

*19. क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरस्त करने के लिए सरकार द्वारा कोई विशेष कार्यवाही की जा रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? — गृह

हाजी तसलीम अहमद
02.06.2009

*20. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत ट्रान्सफार्मर जल जाने व विद्युत पोल के टूटने पर सूचना देने के कितने समय में बदलने का प्राविधान है? क्या यह सत्य है कि विद्युत विभाग द्वारा ट्रान्सफार्मर जलने व विद्युत पोल टूटने की सूचना देने के उपरान्त भी उस पर महीनों तक कोई कार्यवाही नही की जाती है? क्या सरकार ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करेगी कि जले हुए ट्रान्सफार्मर अथवा टूटे हुए बिजली के खम्बे समयबद्ध तरीके से बदले जांए? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? — ऊर्जा

## अतारांकित प्रश्न

श्री ओम गोपाल रावत
09.04.2009

1. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि वर्ष 2007 में दैवी आपदा, अतिवृष्टि एवं भू–स्खलन से विधान सभा क्षेत्र नरेन्द्रनगर में 117 ग्रामों में कई भवन पूर्णतः/तीक्ष्ण रूप से/आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गये व 43 ग्रामों की 14.711 हैक्टेयर कृषि भूमि, पैदल मार्ग/सम्पर्क मार्ग, पेयजल लाईनें एवं सिंचाई गूल क्षतिग्रस्त हुयी थी? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा आपदा प्रबन्धन कार्यों के अन्तर्गत ट्रीटमेन्ट योजना चलायी गई? यदि हां, तो अब तक कितने प्रभावित भवनों/मार्गों सिचाई गूलों/पेयजल योजनाओं का ट्रीटमेन्ट किया गया? यदि नहीं, तो क्यों? — आपदा प्रबन्धन

चौ0 यशवीर सिंह
09.04.2009

2. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सहस्रधारा रोड़ में 11 के0वी0 बालावाला फीडर को हटाने के लिए विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण) देहरादून के पत्रांक– 5426/वि0वि0ख0 (ग्रा0)/अनुबन्ध, दिनांक 09.08.07 तथा पत्रांक– 3622–ईडीडी /यू0पी0सी0एल0 दिनांक 15.07.08 द्वारा तैयार किये गये दो आगणनों का पूरा ब्योरा क्या है तथा आगणन विसंगति के क्या कारण हैं? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि विधायक निधि से किस आगणन के आधार पर क्या–क्या कार्य किया गया? क्या मंत्री जी पूरा विवरण उपलब्ध करायेगें? यदि नहीं, तो क्यों? — ऊर्जा

श्रीमती अमृता रावत
09.04.2009

3. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के स्थान बहेड़ाखाल में लोक निर्माण विभाग का निरीक्षण भवन कब स्वीकृत हुआ और इसके निर्माण हेतु निविदाएं आमंत्रित कर कब स्वीकृत की गई है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि अनुबन्ध कब किया गया, अनुबन्ध विलम्ब से किए जाने के कारण क्या है तथा निरीक्षण भवन का निर्माण कब तक पूर्ण कर दिया जायेगा? — लोक निर्माण

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>13.04.2009 | **4.** क्या ऊर्जा मंत्री विधान सभा के तृतीय सत्र 2008 के लिए निर्धारित अतारांकित प्रश्न संख्या 73 के उत्तर के कम में बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल में सतपुली व्यासघाट तक 11 के0वी0 विद्युत लाइन के त्रुटिपूर्ण निर्माण के सम्बन्ध में अब तक की गई कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है? | **ऊर्जा** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>13.04.2009 | **5.** क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र बीरोखाल, पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त आवासीय भवनों एवं पुस्तों के पुनर्निर्माण/जीर्णोद्वार हेतु आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने के सम्बन्ध में विशेष कार्याधिकारी मुख्यमंत्री के पत्र संख्या–VIP /9670/XXXV–1/2008(2) दिनांक 01 दिसम्बर, 2008 पर प्रमुख सचिव आपदा प्रबन्धन, उत्तराखण्ड शासन एवं जिलाधिकारी पौड़ी गढ़वाल द्वारा की गई कार्यवाही का विवरण क्या है? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>13.04.2009 | **6.** क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि श्री यशपाल सिंह नेगी पुत्र श्री रघुनाथ सिंह, ग्राम मानपुर (पवेत्री प्रेरणा) कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल को उनके पिता की मृत्यु के उपरान्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित आर्थिक राहत के भुगतान के सम्बन्ध में जिलाधिकारी पौड़ी गढ़वाल को सम्बोधित उत्तराखण्ड शासन के गृह अनुभाग–5 के पत्र संख्या–97/XX(5)08/27 स्व0सं0से0/06 दिनांक 18.01.08 पत्र संख्या 401/XX(5)08/27स्व0स0से0/06 दिनांक 21.07.08 तथा पत्र संख्या 19/XX(5)08/27 स्व0सं0से0/2006 दिनांक 23 जनवरी, 2009 पर अब तक की गई कार्यवाही का विवरण क्या है तथा कब तक इस प्रकरण का निस्तारण किया जायेगा? | **गृह** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>13.04.2009 | **7.** क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत ऐसी कौन–कौन सी निर्मित पटवारी चौकियां है जिन पर सम्बन्धित पटवारियों द्वारा अभी तक अपना कार्यालय/मुख्यालय स्थापित नहीं किया गया है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इसके क्या कारण है तथा कब तक इन निर्मित चौकियों पर सम्बन्धित पटवारियों के कार्यालय स्थापित कर दिये जायेंगे। | **राजस्व** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>13.04.2009 | **8.** क्या महिला सशक्तिकरण एवं बालविकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में महिला सशक्तिकरण एवं बालविकास विभाग, विश्व खाद्य कार्यक्रम के अन्तर्गत इण्डिया मिक्स एवं बिस्कुट तथा पुष्टाहार की आपूर्ति प्रदेश के बाहर के उत्पादकों/एजेन्सियों से करवाई जा रही है? यदि हां, तो कब से यह आपूर्ति प्रदेश से बाहर की संस्थाओं/उत्पादकों से करवाई जा रही है और अब तक प्रदेश में कितने मूल्य की आपूर्ति की जा चुकी है तथा क्या भविष्य में यह आपूर्ति प्रदेश के ही उत्पादकों/संस्थाओं द्वारा करवाए जाने की योजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | **महिला सशक्तिकरण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री ओम गोपाल रावत<br>15.04.2009 | **9.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ग्राम पंचायत आगर एवं ग्राम पंचायत भिगांर्की मय भिन्नू की आबादी क्षेत्र में पॉवर ग्रिड की 02 हाईटेंशन लाईनें 765 के0वी0 टिहरी–मेरठ सर्किट–01 तथा टिहरी–मेरठ सर्किट–02 के निर्माण हेतु नियमानुसार ग्रामीणों की भूमि अधिग्रहीत की गयी? यदि नहीं, तो उक्त लाईनें जिनमें अब टिहरी जल विद्युत परियोजना द्वारा उत्पन्न विद्युत को पारेशित किया जा रहा है, नियम विरूद्ध नहीं है? क्या सरकार उक्त हाईटेंशन लाईनों से ग्रामीणें के जान–माल की सुरक्षा हेतु उन्हें अन्यत्र पुनर्वासित करेगी एवं ग्रामीणों के विरोध के बाद भी बिना भूमि अधिग्रहण किये बल पूर्वक लाईनों के निर्माण हेतु उत्तरदायी संस्था के विरूद्व कानूनी कार्यवाही करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>16.04.2009 | **10.** क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ऊधमसिंह नगर के पन्तनगर में स्थित सिड़कुल क्षेत्र में कितने कि0मी0 मार्गो का निर्माण किया गया है तथा इसमें कितनी लागत आयी है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इन मार्गों के रखरखाव एवं जलभराव आदि रोकने हेतु विभाग द्वारा प्रतिवर्ष कितनी धनराशि की व्यवस्था की गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्योग |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>16.04.2009 | **11.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रान्तीय लोक निर्माण खण्ड रूद्रपुर द्वारा विधान सभा क्षेत्र पन्तनगर–गदरपुर में निर्मित कौन–कौन से मार्गों की मरम्मत का कार्य प्रस्तावित है? क्या सरकार द्वारा इस वर्ष सभी मरम्मत योग्य मार्गों की मरम्मत कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>20.04.2009 | **12.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गैंडीखाता लालढांग से कोटद्वार होते हुए रामनगर तक का मोटर मार्ग बनकर तैयार हो चुका है? यदि नहीं, तो क्या सरकार गैंड़ीखाता से रामनगर तक उत्तराखण्ड तथा उत्तर प्रदेश की सीमा के मध्य पड़ने वाली कंडी रोड़ पर मोटर मार्ग निर्मित किये जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| काजी निजामुद्दीन<br>20.04.2009 | **13.** क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि राज्य के पालिटैक्निक संस्थानों में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के मानकों के अनुरूप प्रधानाचार्यो एवं अध्यापकों की भारी कमी है? यदि हां, तो क्या सरकार पालिटैक्निक संस्थानों में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के मानकों के अनुसार अध्यापकों की नियुक्ति करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | तकनीकी शिक्षा |
| काजी निजामुद्दीन<br>21.04.2009 | **14.** क्या सामान्य प्रशासन मंत्री अवगत हैं कि केन्द्र में देश के उत्तर पूर्वी राज्यों के विकास हेतु अलग मंत्रालय गठित है? यदि हां, तो क्या सरकारा द्वारा उत्तराखण्ड राज्य को केन्द्र द्वारा गठित मंत्रालय में सम्मिलित करने हेतु कोई प्रयास किया गया है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | सामान्य प्रशासन |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>21.04.2009 | 15. क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत ऐसी अनेक निर्माणाधीन पटवारी चौकियां है जिनका निर्माण एक लम्बी अवधि से विवदास्पद् है और चौकियां अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण स्थिति में है? यदि हां, तो ऐसी पटवारी चौकियों का विवरण क्या है तथा कब तक इन चौकियों का अवशेष निर्माण कार्य पूर्ण किया जायेगा? | राजस्व |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>22.04.2009 | 16. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंह नगर के अन्तर्गत पंतनगर–गदरपुर विधान सभा क्षेत्र में वर्तमान गर्मी के मौसम को देखते हुए कितने ट्रन्सफारमरों को उच्चीकृत किये जाने की आवश्यकता है तथा कब तक ये ट्रन्सफारमर उच्चीकृत कर दिये जायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| **श्रीमती अमृता रावत**<br>**22.04.2009** | 17. **पुनरावृति के आधार पर निरस्त।** | **लोक निर्माण** |
| श्री खड़क सिंह बोहरा<br>23.04.2009 | 18. क्या गृह मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत थाना भीमताल के सीमा विस्तार की कोई कार्यवाही शासन के विचाराधीन है? यदि हां, तो इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्री खड़क सिंह बोहरा<br>24.04.2009 | 19. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के पिछड़े एवं अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र बेतालघाट में राजकीय महाविद्यालय की स्थापना की जायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री खड़क सिंह बोहरा<br>24.04.2009 | 20. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल स्थित कलशा नदी में मलुवाताल नामक स्थान पर एक झूला पुल स्वीकृत हुआ था? यदि हां, तो उक्त पुल के निर्माण में वर्तमान तक कितनी धनराशि खर्च की गयी है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त पुल के निर्माण कार्य की प्रगति क्या है एंव कार्य कब तक पूर्ण किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>12.05.2009 | 21. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कुमांऊ इंजीनियरिंग कालेज–द्वाराहाट (अल्मोड़ा) तथा गोविन्द बल्लभ पंत इंजीनियरिंग कालेज–पौड़ी (पौड़ी गढ़वाल) में प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों के रिक्त पदों की अद्यतन स्थिति क्या है तथा इन कालेजों में रिक्त पदों पर नियुक्ति कब तक कर ली जायेगी? | तकनीकी शिक्षा |

श्री पुष्पेश त्रिपाठी
12.05.2009

**22.** क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के कुमांऊ इंजीनियरिंग कालेज–द्वाराहाट (अल्मोड़ा) में सिविल इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बी0 टैक तथा पूर्व में चल रहे सभी प्रशिक्षणों में एम0 टैक खोले जाने की स्वीकृति कब तक दे दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

**तकनीकी शिक्षा**

श्री प्रेमानन्द महाजन
14.05.2009

**23.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग में अधिशासी अभियंता, अधीक्षण अभियंता, मुख्य अभियंता, अवर अभियंता व सहायक अभियंताओं के कितने पद रिक्त है तथा कितने पद स्वीकृत है? सरकार कब तक नियमित अभियंताओं की नियुक्ति सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

**लोक निर्माण**

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
15.05.2009

**24.** क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा में उद्यान विभाग द्वारा कौन–कौन सी योजनायें चलायी जा रही है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के ब्लाक भिक्यासैण, स्याल्दे एवं सल्ट में विभाग द्वारा उद्यान लगाने हेतु वर्ष 2007–08 व वर्ष 2008–09 में कुल कितने लोगों को ऋण/अनुदान दिया गया है?

**उद्यान**

श्री पुष्पेश त्रिपाठी
19.05.2009

**25.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के द्वाराहाट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत स्वीकृत सीमापानी–सीरा–कनोली–ढूगंधारा एवं कुकुछीना–गर्जीया–पैली मोटर मार्ग निर्माण हेतु टेण्डर हो चुका है? यदि हां, तो कब और निर्माण की स्थिति क्या है? यदि नहीं, तो क्यो?

**लोक निर्माण**

श्री पुष्पेश त्रिपाठी
19.05.2009

**26.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद–अल्मोड़ा के द्वाराहाट विधान सभा के अर्न्तगत स्वीकृत पारकोट–जाख–बैनाली मोटर मार्ग निर्माण का टेण्डर हो चुका है? यदि हॉ, तो कब? और निर्माण की स्थिति क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

**लोक निर्माण**

श्री पुष्पेश त्रिपाठी
19.05.2009

**27.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जनपद के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय–चौखुटिया के भवन निर्माण हेतु भूमि का चयन कर लिया गया है? यदि हां, तो भवन निर्माण कब तक कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

**उच्च शिक्षा**

श्री पुष्पेश त्रिपाठी
19.05.2009

**28.** क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मार्च, 2005 से वर्तमान तक सिडकुल के औद्योगिक आस्थानों में उत्तराखण्ड के कितने मूल निवासियों को स्थायी रोजगार उपलब्ध कराया गया है? यदि हॉ, तो किन–किन पदों पर उन्हें रोजगार दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों?

**औद्योगिक विकास**

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>20.05.2009 | **29.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जनपद के विकास खण्ड–चौखुटिया में ग्राम सभा खजुरानी, चनौली, पाखाखरक, मल्ला गजार, तल्ला गजार में विद्युतीकरण हो चुका है? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>20.05.2009 | **30.** क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व0 श्री भवानी दत्त पुत्र स्व0 भोला दत्त तिवारी ग्राम, घघलोड़ी, तहसील द्वाराहाट, जनपद– अल्मोड़ा की पैतृक भूमि सरकारी ऋण अदा न किये जाने के कारण कुर्क कर ली गई थी? क्या यह सत्य है कि उनके द्वारा ऋण की अदायगी कर लिए जाने के बाद भी उक्त कुर्क जमीन उनके पुत्र श्री मोहन चन्द्र तिवारी के नाम दर्ज नहीं की गई है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त 20 नाली 8 मुट्ठी जमीन को उनके पुत्र के नाम दर्ज करते हुए उन्हें कब्जा दिलायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>20.05.2009 | **31.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि अल्मोड़ा जनपद के द्वाराहाट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत पारकोट–जाख–बैनाली में विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है? क्या इस क्षेत्र की ग्रामीण जनता बिजली से लाभान्वित हो रही है? यदि हां तो कब से? यदि नहीं तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री शैलेन्द्र सिंह रावत<br>21.05.2009 | **32.** क्या सूचना मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि उत्तराखण्ड राज्य में सूचना विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2007–08 में जनहित में (समाचार) फीचर एजेन्सियों की सेवायें ली गई हैं? यदि हां, तो उनको उक्त वित्तीय वर्ष में कुल कितनी धनराशि दी गई है तथा उक्त फीचर ऐजेन्सियों के नाम क्या है एवं इनकी सेवायें किस आधार पर ली गई हैं? | सूचना |
| श्री शैलेन्द्र सिंह रावत<br>21.05.2009 | **33.** क्या सूचना मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि समाचार फीचर एजेन्सियों को सरकार द्वारा जनहित में किये गये कार्यों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के लिए वित्तीय वर्ष 2009–10 में उत्तराखण्ड तथा उत्तर प्रदेश में पंजीकृत समाचार फीचर एजेन्सियों की सेवायें ली जायेंगी? यदि हां, तो सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | सूचना |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>22.05.2009 | **34.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड पॉवर कार्पोरेशन लि0 ने परिचालकीय वर्ग के कर्मचारियों की अवर अभियंता पद हेतु दिनांक 29.07.2007 को आयोजित लिखित परीक्षा का दिनांक 05.03.2008 को परिणाम घोषित करने के बाद, सफल अभ्यर्थियों को अवर अभियंता के पद पर पदोन्नति दे दी गयी हैं? यदि नहीं, तो क्यों तथा विभागीय आदेश संख्या 158 दिनांक 05.02.2009 का कार्यान्वयन कब तक कर दिया जाएगा? | ऊर्जा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>26.05.2009 | **35.** पुनरावृति के आधार पर निरस्त। | उच्च शिक्षा |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>26.05.2009 | **36.** क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ की तहसील मुनस्यारी के अन्तर्गत धापा से क्वीरी–जिमियां सांईपोंलो, बुंई, पातो तक मोटर मार्ग निर्माण की योजना बनायी जा रही है? यदि हां, तो कब तक निर्माण आरम्भ हो जाएगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह<br>26.05.2009 | **37.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्रोन्नति की कोई नियमावली है? यदि हां, तो क्या प्रदेश में नायब तहसीलदार व तहसीलदारों के पदों पर प्रोन्नति संगत नियमों के अनुसार की गई हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| श्री अनिल नौटियाल<br>26.05.2009 | **38.** क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि वर्ष 1975 में जनपद चमोली के विकासखण्ड गैरसैंण स्थित पट्टी, खनसर के माईथान नामक स्थान से गनाई चौखुटिया (जनपद–अल्मोड़ा) तक मोटर मार्ग स्वीकृत हुआ था? यदि हां, तो उक्त मोटर मार्ग के अब तक न बनने के क्या कारण है? क्या सरकार जनहित में उक्त मोटर मार्ग पर अविलम्ब निर्माण कार्य प्रारम्भ कराये जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>26.05.2009 | **39.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र धारचूला के कई ग्राम सभा एवं तौक विद्युतीकरण से वंचित रह गये है? यदि हां, तो छूटे हुए ग्राम/ तौकों में विद्युतीकरण कब तक किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>27.05.2009 | **40.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि हिमालिया हाइड्रो कॉपरेशन कम्पनी जनपद पिथौरागढ़ के सेराघाट में विद्युत उत्पादन का कार्य कर रही है? क्या सत्य है कि उक्त कम्पनी द्वारा किये जा रहे कार्य से सेराघाट के आस–पास के ग्राम सभाओं में बिदी, गोल्फा टॉगा गांव में भू–स्खलन का खतरा उत्पन्न हो गया है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त ग्राम सभाओं में भू–स्खलन को रोकने के लिए कोई कारगर नीति अपना रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>27.05.2009 | **41.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हिमालिया हाइड्रो कम्पनी जनपद पिथौरागढ़ के सेराघाट में टॉगा–मोटर मार्ग का निर्माण कर रही है? क्या सत्य है कि कम्पनी द्वारा निर्माणाधीन उक्त मोटर मार्ग में कुछ स्थानों पर मार्ग अत्यन्त संकरा होने से वाहनों की आवाजाही नहीं हो सकती है एवं कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कम्पनी द्वारा निर्माणाधीन मोटर मार्ग के चौड़ीकरण करने हेतु कोई नीति अपना रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री गगन सिंह रजवार<br>27.05.2009 | **42.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के तहसील मुनस्यारी के अन्तर्गत जौलढुंगा, बसन्तकोट, बोथी, कुलथम को मोटर मार्ग से जोड़ने की योजना शासन में लम्बित हैं? यदि हां, तो सरकार उक्त योजना को कब तक स्वीकृति प्रदान करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| **श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>27.05.2009** | **43. पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त।** | **औद्योगिक विकास** |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>28.05.2009 | **44.** क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के वि0 ख0 धारचूला के ग्राम खेला के तौक चेतलधार में चट्टाने खिसकने से पूरा खेला गांव एवं आस-पास के गांव स्यॉकुरी, गर्गुवा, खेत ग्राम सभाओं को खतरा उत्पन्न हो गया है? क्या सत्य है कि भू-वैज्ञानिकों की सर्वे रिपोर्ट के आधार पर भी उक्त स्थान में चट्टाने खिसकने के कारण जानमाल की हानि हो सकती है? यदि हां, तो क्या सरकार की उक्त खेला गांव को अन्यत्र बसाये जाने की कोई योजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>28.05.2009 | **45.** क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के तावाघाट-नारायण आश्रम रोड़ चैतलधार में आये भू-स्खलन एवं चट्टाने खिसकने के कारण उक्त मार्ग पर लोगों की आवाजाही बन्द हो गई है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क को खोलने के लिए कोई कारगर नीति बना रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>28.05.2009 | **46.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के तावाघाट-नारायण आश्रम मार्ग चैतलधार में आये भू-स्खलन एवं चट्टाने खिसकने से विद्युत लाइने पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने से 20-30 ग्राम सभाओं में विद्युत आपूर्ति न होने से ग्रामवासी अन्धकार में जीवन-यापन कर रहे है? यदि हां, तो क्या सरकार क्षतिग्रस्त विद्युत लाइनों की मरम्मत के लिए तत्काल कार्यवाही कर रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **ऊर्जा** |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>29.05.2009 | **47.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद उधमसिंह नगर के अन्तर्गत खटीमा नगर में वाईपास सड़क न होने से खटीमा नगर में आये दिन वाहनों का जाम लगा रहता है, तथा यातायात अवरूद्ध हो जाता है? यदि हां, तो क्या सरकार खटीमा में बाई पास सड़क निर्माण कराये जाने की कोई योजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>26.05.2009 | **48.** क्या आवास विकास मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून विकास खण्ड रायपुर ग्राम सभा नत्थनपुर के अन्तर्गत अलकनन्दा इन्कलेव में विवेकानन्द ग्राम फेज–1 व फेज–2 से होते हुये मोहकमपुर तक जाने वाली सड़क अत्यन्त ऊबड़–खाबड़ तथा गढ्ढे युक्त हो गयी है? क्या यह सत्य है कि बरसात के दिनों में उक्त सड़क पर स्कूल जाने वाले बच्चों/क्षेत्र वासियों को आने–जाने में अत्यन्त कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है? क्या सरकार जनहित में उक्त सड़क का डामरीकरण कराये जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>01.06.2009 | **49.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2008–09 में जनपद ऊधमसिंह नगर में ट्राईवल सबप्लान के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग को कितना बजट स्वीकृत किया गया था? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि स्वीकृत बजट में जनपद की कौन–कौन सी सड़कें स्वीकृत हुई? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह<br>01.06.2009 | **50.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के लोक निर्माण विभाग में सहायक अभियंताओं के पदों पर की जा रही प्रभारी व्यवस्था में आरक्षण की व्यवस्था भी लागू की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| हाजी तसलीम अहमद<br>01.06.2009 | **51.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र लालढ़ांग में ग्राम–धनपुरा, घिस्सुपुरा, जसौदरपुर चॉणचक व गैण्डीखाता आदि ग्रामों में ग्रामीणों के आवासों के ऊपर से हाईटेंशन लाईन गुजर रही है जिससे हर वक्त जान–माल का खतरा बना रहता है? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में उक्त विद्युत लाइनों को आवासों के ऊपर से अन्यत्र स्थानान्तरित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| हाजी तसलीम अहमद<br>01.06.2009 | **52.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि ग्राम–सराय व इब्राहिमपुर (हरिद्वार) में विद्युत तार जीर्ण–शीर्ण स्थिति में है जिसके कारण जान–माल की क्षति व किसी बडी दुर्घटना का भय ग्रामीणों में हर समय व्याप्त रहता है? क्या सरकार जनहित में उक्त ग्रामों के जर्जर जीर्ण–शीर्ण पुराने विद्युत तारों को यथा–शीघ्र बदलवायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| हाजी तसलीम अहमद<br>01.06.2009 | **53.** क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र लालढ़ांग के भोगपुर, रामपुर रायघटी, गुज्जर बस्ती गैण्ड़ीखाता व सुल्तानपुर आदि ग्रामों में आग से ग्रामीणों का बहुत नुकसान हुआ है? यदि हां, तो क्या आग से नुकसान की भरपाई हेतु प्रत्येक व्यक्ति को आर्थिक सहायता तीन दिन के अन्दर दी गयी है? यदि हां, तो आर्थिक सहायता पाने वाले ग्रामीणों के नाम क्या है? यदि नहीं, तो इसमें विलम्ब के क्या कारण है? | आपदा प्रबन्धन |

श्री अनिल नौटियाल
01.06.2009

54. क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि जनपद चमोली में कर्णप्रयाग विकास खण्ड के ग्राम–कल्याड़ी को तहसील गैरसैंण के अन्तर्गत रखा गया जबकि इस ग्राम पंचायत को विकास खण्ड कर्णप्रयाग के अन्तर्गत रखा गया है? क्या सरकार ग्राम कल्याड़ी को तहसील गैरसैंण से हटाकर तहसील कर्णप्रयाग के अन्तर्गत सम्मिलित किये जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

राजस्व

श्री गोपाल सिंह राणा
02.06.2009

55. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विष्णु प्रयाग जल विद्युत परियोजना की ग्राम गोदी (बड़ी) जनपद पौड़ी गढ़वाल से गुजरने वाली हाई टेंशन लाइन बिछाये जाने से उक्त ग्राम के किन किन काश्तकारों की भूमि प्रभावित हुई है? क्या प्रभावित काश्तकारों को विभाग द्वारा मुआवजा दिलाए जाने की संस्तुति की गई है? यदि हां, तो कब और किस दर से? क्या मंत्री जी पूरा विवरण सदन के पटल पर रखने का कष्ट करेंगे?

राजस्व

श्री गोपाल सिंह राणा
02.06.2009

56. क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल की तहसील कोटद्वार अन्तर्गत राजस्व ग्रामों में राज्य के मूल/स्थायी निवासी से भिन्न व्यक्तियों द्वारा कृषि भूमि की खरीद फरोख्त की जा रही है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विगत दो वित्तीय वर्षो में राज्य के मूल/स्थायी निवासी से भिन्न किन–किन व्यक्तियों को किस प्रयोजन हेतु राजस्व ग्राम क्षेत्र में कृषि भूमि कय करने की अनुमति शासन द्वारा उक्त जनपद में प्रदान की गई है?

राजस्व

श्री गोपाल सिंह राणा
02.06.2009

57. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड दुगड्डा के अन्तर्गत करैंखाल से ग्राम गोदी (बड़ी) तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु किन–किन काश्तकारों के कौन–कौन से खसरा नम्बर की भूमि अधिग्रहित की गई तथा मोटर मार्ग के निर्माण से मलवे के कारण कौन–कौन से नाप खेत प्रभावित हुए? क्या प्रभावित काश्तकारों को उनकी भूमि का मुआवजा दिया गया? यदि हां, तो कब तथा किस दर से? यदि नहीं, तो क्यों और इसके लिए कौन दोषी है और प्रभावित कृषकों को मुआवजा कब तक दे दिया जाएगा?

लोक निर्माण

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
02.06.2009

58. क्या राज्य सम्पत्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सम्पत्ति विभाग के अधीन स्थायी/अस्थायी कर्मचारियों की पदवार संख्या कितनी है? क्या सरकार वर्षो से कार्य कर रहे कर्मचारियों को नियमित करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

राज्य सम्पत्ति

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
02.06.2009

59. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजीव गॉधी विद्युतीकरण योजना के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा में विद्युतीकरण का कार्य किस कम्पनी को दिया गया है? क्या कार्य की समय सीमा व गुणवत्ता के मानक निर्धारित किए गए है? यदि हां, तो शर्तों के अनुसार निश्चित समय सीमा क्या थी और क्या निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण कर लिया गया? यदि नहीं, तो क्यों?

ऊर्जा

| | | |
|---|---|---|
| **श्री खजानदास**<br>**02.06.2009** | **60. मंत्री परिषद में सम्मिलित होने के कारण निरस्त।** | **न्याय** |
| हाजी तसलीम अहमद<br>02.06.2009 | **61.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के जनजाति बाहुल्य विधान सभा क्षेत्र लालढ़ांग में ग्राम–लालढ़ाग–मिठ्ठीबेरी के रास्ते में खासन नदी पर पुल न होने के कारण क्षेत्र की जनता को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है? क्या सरकार जनहित में उक्त नदी पर पुल का निर्माण करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| हाजी तसलीम अहमद<br>02.06.2009 | **62.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत जनजाति बाहुल्य विधान सभा क्षेत्र लालढ़ांग की ग्राम पंचायत मिठ्ठीबेरी में पक्की सड़कों का अभाव है? क्या सरकार जनहित में ग्राम पंचायत मिठ्ठीबेरी के मजरे मंगोल पुरा, रसूलपुर गोट आदि में 12 कि0मी0 सड़क का डामरीकरण कार्य करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>03.06.2009 | **63.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत रामनगर मोहान से रानीखेत तक हाटमिक्स द्वारा बनाई जा रही सड़क निर्माण का ठेका किस कम्पनी को दिया गया है? क्या यह सत्य हे कि उक्त कम्पनी द्वारा यह कार्य छोटे ठेकेदारों को दे दिया गया है? यदि हां, तो क्या सरकार निर्माण की गुणवत्ता की जांच करेगी और जांच रिर्पोट सदन के पटल पर रखेगी? | **लोक निर्माण** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>03.06.2009 | **64.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के स्याल्दे विकास खण्ड में बैरतिया (बोहरागांव) में बिनोद नदी पर निर्मित पुल अत्यधिक जीर्ण–शीर्ण अवस्था में होने के कारण क्षेत्र वासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार इस पुल का पुनः निर्माण करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **द्वितीय गुरूवार के अता0 28 में स्था0** |
| हाजी तसलीम अहमद<br>03.06.2009 | **65.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत लकसर–रूड़की सम्पर्क मार्ग पर सौलानी पुल पर टौल–टैक्स कब से लिया जा रहा है? क्या सरकार उक्त पुल व मार्ग को कुंभ मेले से पूर्व टौल–टैक्स से मुक्त करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री प्रीतम सिंह<br>03.06.2009 | **66.** क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरकाशी में वरूणावत पर्वत उपचार कार्य पूर्ण हो चुका है? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? क्या श्रींग कन्सट्रक्शन कम्पनी को वरूणावत पर्वत उपचार का कार्य सीधे आवंटित किया गया था? यदि हां, तो क्यों? | **आपदा प्रबन्धन** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह<br>03.06.2009 | **67.** क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के कितने विद्युत वितरण खण्ड़ों के सब डिवीजन फेंचाइजी पर दिये गये? क्या फेंचाइजी पर दिये गये सब डिवीजन सुचारू रूप से कार्य कर रहे है? यदि नहीं, तो क्यों? | **ऊर्जा** |
| **श्री प्रीतम सिंह**<br>**03.06.2009** | **68. विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।** | **सचिवालय प्रशासन** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>03.06.2009 | **69.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड पोखड़ा के अन्तर्गत कोलाखाल–जयकोट मोटर मार्ग से ग्राम पणियां को जोड़ने के सम्बन्ध में अधीक्षण अभियंता 12वां वृत लोक निर्माण विभाग, पौड़ी को सम्बोधित प्रश्नकर्ता का पत्रांक 1385/विधायक/6–निर्माण/2008–09 दिनांक 19 दिसम्बर 2008 विभाग में कब प्राप्त हुआ है तथा पत्र में वर्णित तथ्यों पर की गई कार्यवाही और हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा ग्राम पणियां को कब तक उक्त मोटर मार्ग से जोड़ दिया जायेगा? | **लोक निर्माण** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>03.06.2009 | **70.** विधान सभा के तृतीय सत्र 2008 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित प्रश्न कर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या 41 के उत्तर के कम क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि बहेड़ाखाल–कोटा–महादेवसैण–कुण्डकली मोटर मार्ग की वास्तविक स्वीकृत लम्बाई क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि किस शासनादेश द्वारा कितनी लम्बाई के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है तथा इस मार्ग का निर्माण कब तक पूर्ण कर दिया जायेगा? | **लोक निर्माण** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>03.06.2009 | **71.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड एकेश्वर के अन्तर्गत नौगांवखाल–तुनाखाल मोटर मार्ग से ग्राम दुन्द्रकोटी–सीलामल्ला–सीलातल्ला के लिए मोटर मार्ग का निर्माण किये जाने के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता का अधीक्षण अभियंता, 12वां वृत लोक निर्माण विभाग पौड़ी को सम्बोधित पत्रांक 575/विधायक/6–निर्माण/2007–08 दिनांक 04.02.08 तथा पत्रांक 1404/विधायक/6–निर्माण/2008–09 दिनांक 19.12.2008 विभाग में कब प्राप्त हुए है तथा इन पत्रों में वर्णित तथ्यों पर अब तक की गई कार्यवाही एवं हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक प्रस्तावित मोटर मार्ग निर्माण की स्वीकृति जारी की जायेगी? | **लोक निर्माण** |

श्रीमती अमृता रावत
03.06.2009

**72.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र बीरोंखाल के मोटर मार्गों के निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री जी को सम्बोधित प्रश्नकर्ता का पत्रांक 1402/विधायक/6–निर्माण/2008–09 दिनांक 19 दिसम्बर 2008 शासन में कब प्राप्त हुआ है और पत्र में वर्णित मोटर मार्गों के निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति जारी करने/करवाने की दिशा में की गई कार्यवाही और हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक वर्णित मोटर मार्गों के निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी जायेगी?

लोक निर्माण

श्रीमती अमृता रावत
03.06.2009

**73.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत ऐसे कौन–कौन से निर्मित मोटर मार्ग है जिन्हें सम्भागीय परिवहन अधिकारी, पौड़ी द्वारा बस सेवाओं के संचालन हेतु उपयुक्त नहीं पाया गया है और मार्ग निर्माण में त्रुटियां बताई गई है? इन मार्गों को बस सेवाओं के संचालन हेतु कब तक उपलब्ध करवाया जायेगा?

लोक निर्माण

श्रीमती अमृता रावत
04.06.2009

**74.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल विधान सभा क्षेत्र बीरोंखाल के अन्तर्गत शासनादेश संख्या 3128/111(2)/06/61प्र0आ0/06/39 दिनांक 22.11.2006 के द्वारा स्थान दुनाव के समीप वाड़ियूं बैण्ड में रूपये 32.50 लाख लागत से स्वीकृत पुल का निर्माण किये जाने के सम्बन्ध में सचिव लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड शासन को सम्बोधित प्रश्नकर्ता का पत्रांक 979/विधायक/6–निर्माण/2008–09 दिनांक 31 अक्टुबर 2008 शासन में कब प्राप्त हुआ तथा स्वीकृत पुल के निर्माण हेतु अब तक की गई कार्यवाही और हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक उक्त स्वीकृत पुल का निर्माण कर दिया जायेगा एवं पुल निर्माण में हो रहे विलम्ब के क्या कारण है?

लोक निर्माण

श्रीमती अमृता रावत
04.06.2009

**75.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल विधान सभा क्षेत्र बीरोंखाल के अन्तर्गत देवराजखाल–जयखाल–खेडगांव–रीठाखाल मोटर मार्ग के समरेखण के सम्बन्ध में अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग, पौड़ी को सम्बोधित प्रश्नकर्ता का पत्रांक 1058 / विधायक / 6–निर्माण /2008–09 दिनांक 19.07.2008 कब प्राप्त हुआ है और पत्र में वर्णित समस्याओं के समाधान हेतु अब तक की गई कार्यवाही का विवरण क्या है तथा शासनादेशानुसार कब तक मोटर मार्ग का निर्माण कर दिया जायेगा?

लोक निर्माण

| | | | |
|---|---|---|---|
| **श्रीमती अमृता रावत 04.06.2009** | **76.** | **आश्वासन समिति के विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।** | **लोक निर्माण** |
| श्रीमती अमृता रावत 04.06.2009 | **77.** | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पौड़ी, देवप्रयाग तथा उमरासू–घिण्ड़वाडा और व्यासचट्टी–भुतनिसी मोटर मार्गों के निर्माण एवं सुधार कार्यों के कारण देवप्रयाग–व्यासघाट मोटर मार्ग पर आई स्लिपों, बोल्डरों तथा क्षतिग्रस्त दीवारों के सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता, प्रान्तीय खण्ड पौड़ी तथा अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड श्रीनगर (गढ़वाल) को सम्बोधित प्रश्नकर्ता का पत्रांक 1568/विधायक/ 6–निर्माण /2008–09 दिनांक 25 फरवरी 2009 सम्बन्धित अधिकारियों को कब–कब प्राप्त हुआ है तथा पत्र में वर्णित समस्या के निवारण हेतु अब तक की गई कार्यवाही का विवरण क्या है? | **लोक निर्माण** |
| श्रीमती अमृता रावत 04.06.2009 | **78.** | विधान सभा के तृतीय सत्र 2008 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या 04 के क्रम में क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि अब तक जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत नवनिर्मित एवं विस्तारित किन–किन मोटर मार्गों को यातायात योग्य घोषित किए जाने सम्बन्धी विवरण सम्भागीय परिवहन अधिकारी पौड़ी को कब–कब उपलब्ध करवाया जा चुका है? | **लोक निर्माण** |
| श्री गोपाल सिंह राणा 05.06.2009 | **79.** | क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंह नगर के जिला मुख्यालय में जिलाधिकारी के अधीन कितनी आवासीय कालोनी है एवं उक्त कालोनियां वहां के जिलाधिकारी कार्यालयों से सम्बद्ध सभी सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारियों के रहने के लिए पर्याप्त है? यदि नहीं, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि इन कालोनियों में ऐसे कितने अधिकारी कर्मचारी है, जिनका स्थानान्तरण अन्य जिलों में हो गया है, परन्तु उन्होंने अभी तक आवास रिक्त नहीं किए है? क्या सरकार अन्य जिलों में स्थानान्तरित ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारियों से आवास खाली करवाएगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **राजस्व** |
| श्रीमती अमृता रावत 05.06.2009 | **80.** | विधान सभा के तृतीय सत्र 2008 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या 02 के उत्तरालेख के क्रम में क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल में स्वीकृत 180 कार्यो पर कार्य प्रारम्भ करवाने की दिशा में अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक उक्त स्वीकृत मोटर मार्गों का निर्माण प्रारम्भ कर दिया जायेगा? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>05.06.2009 | **81.** विधान सभा के तृतीय सत्र 2008 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या 18 के उत्तरालेख के क्रम में क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लोक निर्माण विभाग के सतपुली स्थित निरीक्षण भवन को स्वच्छ, सुन्दर ओर सुसज्जित करवाने के सम्बन्ध में अब तक की गई कार्यवाही के परिणाम क्या है तथा कब तक उक्त निरीक्षण भवन को स्वच्छ, सुन्दर एवं सुसज्जित कर दिया जायेगा? | लोक निर्माण |
| श्रीमती अमृता रावत<br>05.06.2009 | **82.** विधान सभा के तृतीय सत्र 2008 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित अतारांकित प्रश्न संख्या 72 के उत्तर के क्रम में क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत बाड़ियूं–जखनोली–कुण्डकली–दिऊसा नाम से स्वीकृत मोटर मार्ग निर्माण की कार्य प्रगति का विवरण क्या है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि कब तक इस मार्ग का निर्माण करवाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और कब तक निर्मित मोटर मार्ग परिवहन सेवाओं के लिए उपलब्ध कर दिया जायेगा? | लोक निर्माण |
| **श्रीमती अमृता रावत<br>05.06.2009** | **83. आश्वासन समिति के विचाराधीन होने के कारण निरस्त।** | लोक निर्माण |
| **श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>05.06.2009** | **84. पुनरावृति के आधार पर निरस्त।** | महिला सशक्तिकरण |
| श्रीमती अमृता रावत<br>08.06.2009 | **85.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड थैलीसैण के ग्राम कुठालगांव में एक लम्बी अवधि से विद्युत आपूर्ति बन्द है? यदि हां, तो विद्युत आपूर्ति न किये जाने के क्या कारण है एवं विद्युत आपूर्ति बहाल करवाने में हो रहे विलम्ब के प्रति कौन उत्तरदायी है तथा कब तक विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जायेगी? | ऊर्जा |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>08.06.2009 | **86.** क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सरकारी सेवा में सेवारत् महिला कर्मचारी/अधिकारी के लिए तीन माह के मातृत्व अवकाश को, केन्द्र सरकार तथा पूर्ववर्ती राज्य उत्तर प्रदेश सरकार की पद्धति पर, छः माह करने जा रही है? यदि हां, तो इन कार्मिकों को इस सुविधा का लाभ कब से देय होगा? यदि नहीं, तो क्यों? | वित्त |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>09.06.2009 | **87.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंह नगर के विद्युत वितरण खण्ड सितारगंज में उप विद्युत वितरण खण्ड नानकमत्ता के अन्तर्गत ग्राम झनकट विकास खण्ड खटीमा में 33/11 के0वी0 का विद्युत सब स्टेशन स्थापित करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो ग्राम झनकट विकास खण्ड खटीमा में कब तक विद्युत सब स्टेशन की स्थापना की जाएगी? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |

श्री गोपाल सिंह राणा
09.06.2009

88. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जनपद ऊधमसिंह नगर 63 विधान सभा क्षेत्र खटीमा थारू अनु0 जनजाति हेतु आरक्षित है? यदि हां, तो क्या मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि इस क्षेत्र के लिए वित्तीय वर्ष 2007–08 अथवा 2008–2009 ट्राइबल सब प्लान के अन्तर्गत कितनी तथा कौन–कौन सी पक्की सड़क स्वीकृत की गयी है? यदि नहीं, तो क्या 2009–2010 में विधान सभा क्षेत्र खटीमा ट्राइबल सब प्लान के अन्तर्गत पक्की सड़क बनाये जाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों?

लोक निर्माण

श्री गोपाल सिंह राणा
09.06.2009

89. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंह नगर विधान सभा क्षेत्र खटीमा में ग्रामों में लो–वोल्टेज की समस्या बनी हुई है? यदि हां, तो क्या सरकार लो–वोल्टेज ग्रामों में विद्युत सुधारीकरण की योजना बना रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

ऊर्जा

श्रीमती अमृता रावत
09.06.2009

90. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत वर्तमान में किन–किन गांवों में स्थापित ट्रान्सफार्मर कब से क्षतिग्रस्त है तथा इन्हें बदलवाने की दिशा में विभाग द्वारा की गई कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है तथा कब तक क्षतिग्रस्त ट्रान्सफार्मरों को बदल दिया जायेगा? क्या यह भी सत्य है कि विकास खण्ड बीरोंखाल के ग्राम सुन्दरखाल तथा विकास खण्ड पोखड़ा के ग्राम बरसुण्ड और श्रीकोट में एक लम्बी अवधि से ट्रान्सफार्मर क्षतिग्रस्त है जिसके कारण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित चली आ रही है? यदि हां, तो क्षतिग्रस्त ट्रान्सफार्मरों को बदलवाने की दिशा में अब तक की गई कार्यवाही का विवरण क्या है?

ऊर्जा

श्री यशपाल बेनाम
09.06.2009

91. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल अन्तर्गत गगवाड़ा गांव में आग बुझाने गये मृतकों के परिजनों को सरकार सरकारी सेवा में लेने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

कार्मिक

श्रीमती अमृता रावत
10.06.2009

92. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि ऊर्जा विभाग से सम्बन्धित समस्याओं के सम्बन्ध में ऊर्जा सचिव को सम्बोधित, प्रश्नकर्ता के पत्रांक 1071/विधायक/16–ऊर्जा/2008–09 दिनांक 25 सितम्बर 2008 तथा पत्रांक 1600/विधायक/16–ऊर्जा/2008–09 दिनांक 18 मार्च 2009 पर की गई कार्यवाही की जानकारी अभी तक प्रश्नकर्ता को नहीं दी गई है? यदि हां, तो मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि दिनांक 25 दिसम्बर 2008 के पत्र में वर्णित ऊर्जा विभाग से सम्बन्धित समस्याओं के निवारण हेतु की गई कार्यवाही की जानकारी प्रश्नकर्ता को न दिए जाने के कारण क्या है और कब तक वर्णित समस्याओं का निवारण कर दिया जायेगा?

ऊर्जा

| | | |
|---|---|---|
| श्री यशपाल बेनाम<br>10.06.2009 | **93.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में उ0प्र0रा0 निर्माण निगम को कार्यदायी संस्था से मुक्त कर दिया गया है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विशेष परिस्थितियों में उ0प्र0रा0 निर्माण निगम से कार्य कराने का निर्णय लिये जाने पर विचार किया जा रहा है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **द्वितीय मंगलवार के अता0 29 में स्था0** |
| श्री यशपाल बेनाम<br>10.06.2009 | **94.** क्या कारागार मंत्री अवगत हैं कि पौड़ी में वर्ष 1902 से संचालित जिला कारागार वर्तमान में खाड़यूसैण शिफ्ट हो गया है? यदि हां, तो क्या सरकार पूर्व कारागार भवन को न0पा0 परिषद पौड़ी को दिये जाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्री केदार सिंह रावत<br>10.06.2009 | **95.** क्या मुख्य मंत्री अवगत हैं कि टिहरी बांध डूब क्षेत्र में चिन्यालीसौड़ सुनारगांव मोटर पुल का नव निर्माण न होने से स्थानीय जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है? यदि हां, तो राज्य सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में क्या प्रभावी कार्यवाही की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री अनिल नौटियाल<br>10.06.2009 | **96.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के कर्णप्रयाग रानीखेत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–87 (एक्सटेंशन) पर सिमली से तालबैंड तक का चौडीकरण/डामरीकरण कार्य कब स्वीकृत हुआ एवं उक्त कार्य कब तक पूरा हो जायेगा? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि चौडीकरण/डामरीकरण का कार्य दिवालीखाल तक प्रस्तावित है? यदि हां, तो अभी पैराफिट आदि का कार्य कराये जाने का क्या औचित्य है? क्या निर्माण कार्य मानकों के अनुसार हो रहे हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |